
सतर्कता | गोसलपुर के लिए रवाना हुई राहत गाड़ी

# एक के बाद एक कर पांच बार बजा सायरन





**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात्रि उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब एक के बाद एक खतरे के पांच सायरन बजे। सायरन बजते ही अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की टीम एकत्र होकर गोसलपुर के लिए रवाना हो गई, कारण था कि गोसलपुर में रेल दुर्घटना हो गई है। इनके साथ एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि रेलवे प्रबंधन ने सतर्कता बरतने के लिए मॉकड्रिल की थी।

बताया गया है कि रेलवे प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सतर्कता बरतने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है ताकि अधिकारियों से लेकर कर्मचारी आकस्मिक दुर्घटनाओं को लेकर हर वक्त अलर्ट रहे। जैसे ही कहीं ट्रेन एक्सीडेंट की खबर मिले तो आनन-फानन तैयारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच जाए।

## ताकि सतर्क रहें अधिकारी

सतर्कता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को भी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसके चलते एक के बाद एक खतरे के पांच सायरन बजाए गए, खतरे के सायरन बजते ही रेलवे स्टेशन पर हड़कम्प मच गया, अधिकारियों से लेकर कर्मचारी एकत्र हो गए। जिन्हे खबर मिली कि गोसलपुर रेल ट्रेक पर एक्सीडेंट हो गया है, जिसपर गोसलपुर के लिए राहत व बचाव दल तत्काल रवाना हो गया, उनके साथ एनडीआरएफ की टीम के सदस्य भी रवाना हुए। पूरी तैयारियों के साथ गोसलपुर पहुंचने पर पता चला कि रेलवे ने मॉकड्रिल का आयोजन किया था। जब तक मॉकड्रिल का पता नहीं चला था तो पूरी सतर्कता के साथ अधिकारी राहत व बचाव दल के साथ उसी फुर्ती व तत्परता से पहुंचे थे कि जैसे हकीकत में गोसलपुर के पास ट्रेन एक्सीडेंट हुआ है।



# मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीकों से कराया परिचित

▸ वीयू- प्रायोजित मत्स्य पालन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नेतृत्व में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आईसीएआर नई दिल्ली के वित्त पोषण में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत ग्राम बम्हनी में एक दिवसीय मत्स्य पालन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक तकनीकों, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज चयन, संतुलित आहार, जैव-सुरक्षा उपाय और टिकाऊ मत्स्य पालन पद्धतियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण संयोजक डॉ सोना दुबे ने इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन, सरपंच नीलकमल झरिया, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सोना दुबे, सहयोगी जन सचिव, शोधार्थी और बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और नवीन तकनीकों पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान सुझाए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्कॉलर रुद्राक्ष उपाध्याय, पूजा साहू, काजल प्रजापति और कर्मचारी रामकलेश यादव, शैलेंद्र दहिया के योगदान की सराहना की गई।



# पुराने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टीम ने प्रशस्ति पत्र किया भेंट

▸ पनागर में अटल कार्यकर्ता का किया गया सम्मान

**नवभारत, पनागर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पुराने कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर शाल और प्रशस्ति पत्र भेंट किए। जिसमें सुभाष ड्योढिया, मीसाबंदी मेंबर पटेल, नरेंद्र त्रिपाठी पूर्व विधायक, करन पटेल, विष्णु शंकर पटेल को सम्मानित किया गया। पनागर में चर्चा है कि अटल स्मृति समिति द्वारा दिए गए इस 'रजत-पत्र' के लिए चयन प्रक्रिया पारदर्शी थी। कई ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिन्होंने पार्टी को खड़ा करने के लिए अपना पूरा जीवन खपा दिया, उन्हें मिले सम्मान से कार्यकर्ता खुश नजर आए, मीसाबंदी मेंबर पटेल ने बताया कि जिस सादगी और शुचिता के लिए अटल जी जाने जाते थे, उनकी जन्म शताब्दी पर याद किया गया। धीरज पटेरिया टीम का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अजय पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, संदीप शुक्ला, आनंद जैन मिनचु, सुरेश ताम्रकार, बल्लू जायसवाल, शैलेन्द्र पटेल, मुकेश पटेल, कृष्णा गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष सतीश पटेल, नितिन ठाकुर, अब्बास मंसूरी सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

## श्रीमती निर्मला सैनी का निधन



**नवभारत, पनागर।** प्रताप वार्ड निवासी श्रीमती निर्मला सैनी का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप श्यामलाल सैनी की धर्मपत्नी, मनोज सैनी, नरेश सैनी (पप्पी) की माताजी थी। अंतिम संस्कार सुबह 11 बजे जगमोहन वार्ड पड़रिया रोड स्थित शमशान घाट पर किया जायेगा।

## श्रीमती रत्ना बाई सराफ का निधन



**पनागर।** मेन रोड विद्यासागर वार्ड निवासी स्व. कालीचरण सराफ की धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना बाई सराफ का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप स्व.अखिलेश सराफ (बल्लू), कमलेश सराफ (सल्लू) की माताजी एवं आशुतोष सराफ, शिवांशु सराफ, शुभ सराफ की दादी थी। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़रिया रोड पड़ाव स्थित शमशान घाट पर किया गया।




# एनीमिया पर आधारित लघु नाटिका का मंचन

▸ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व एनीमिया दिवस के उपलक्ष्य में आज शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एनीमिया पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम जबलपुर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एवं जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि विश्व एनीमिया दिवस रक्त की कमी के बारे में शिक्षा, रोकथाम और निदान को बढ़ावा देने हर वर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है।

# शिविर में बनाये गये 25 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र


▸ आज मझगवां में लगेगा शिविर



**नवभारत, जबलपुर।** उच्च न्यायालय की जुवेनाइल जस्टिस समिति के निर्देशानुसार 18 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड के लिये पंजीयन करने और उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाकर देने मंगलवार को मझौली में आयोजित शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से 25 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित ने बताया कि दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड हेतु पंजीयन और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किये जा रहे शिविरों की श्रृंखला में बुधवार 11 फरवरी को सिहोरा विकासखण्ड के मझगवां में, गुरुवार 12 फरवरी को सिहोरा विकासखण्ड के ही ग्राम गोसलपुर में तथा शुक्रवार 13 फरवरी को जिला चिकित्सालय जबलपुर में शिविर आयोजित किया जायेगा। प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय ने दिव्यांगजनों से इन शिविरों में शामिल होकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने एवं यूडीआईडी कार्ड हेतु पंजीयन कराने का आग्रह किया है, ताकि भविष्य में शासकीय योजनाओं एवं सहायक उपकरणों का लाभ लेने में उन्हें किसी तरह की कठिनाई न हो।

# अपर कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने आमजन की समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 93 आवेदन दिये। जिसमें 67 नये आवेदन हैं तथा 26 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जे, बीपीएल कार्ड आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## कप्तान ने सुनी समस्याएं, पहुंची 76 शिकायतें



**जबलपुर।** जन सुनवाई में शिकायतकर्ताओं की पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने शिकायतें सुनी। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट व सायबर अपराध से सम्बंधित 76 शिकायतें थी। जनसुनवाई में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी एस गोठरिया, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारण वश युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अंतर्गत मथुरा विहार में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि हर्ष वर्धन सिंह चंदेल 23 वर्ष निवासी मथुरा विहार विजयनगर ने घर पर फांसी लगा ली जिसे परिजनों द्वारा निजी अस्पताल लाया गया, डाक्टर ने चैक कर हर्ष वर्धन सिंह चंदेल को मृत घोषित कर दिया।


# मोटरसाईकिल चोरों को पुलिस ने दबोचा



**नवभारत, जबलपुर।** बरगी पुलिस ने कार्यवाही कर बरगी एवं गढा क्षेत्र से मोटर सायकिल चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराई हुई दो मोटर सायकिलें, एक चाकू जप्त किया गया है। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि बरगी वायपास रोड एनएच 34 में घेराबंदी करते हुए रूपलाल वंशकार पिता ओघड़ वंशकार 40 वर्ष निवासी महुआखेड़ा पाटन एवं दिलीप वंशकार पिता रामरतन वंशकार 35 वर्ष निवासी कुमगमा पाटन बताये, तलाशी लेने पर रूपलाल वंशकार को पकड़ा गया। जिनके पास से चाकू जब्त किया गया। दोनों से मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 एमआई 5432 के संबंध में पूछताछ की तो चोरियों का खुलासा किया। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज परिसर, बरगी रेल्वे स्टेशन से भी बाइक चुराना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से दो बाइकें जब्त की गई। पूछताछ में उन्होंने ने साथी धनराज वंशकार का भी नाम भी बताया जिसकी तलाश जारी है।

अवहेलना | बोर्ड परीक्षाओं के चलते परिवार सहित छात्र-छात्राओं में पढ़ाई को लेकर चिंता

# प्रशासनिक आदेश की नहीं हो अवहेलना, रात में डीजे पर लगे लगाम



**नवभारत, बेलखाडू (जबलपुर)।** जहाँ एक ओर प्रशासन द्वारा 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर बेलखाडू एवं आस पास के क्षेत्र में इन आदेशों की खुलेआम अवहेलना देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात बेलखाडू इलाके में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया गया। डीजे पर बज रहे गीत अश्लील बताए जा रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि तेज आवाज के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं बुजुर्गों की नींद खराब, बीमार लोगों की तबीयत पर असर और दिनभर मेहनत करने वाले मजदूर वर्ग को आराम नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

## साउंड सिस्टम से जुड़े नियम

- दिन (सुबह 6 से रात 10)
- रात (रात 10 से सुबह 6)

**रिहायशी क्षेत्र**

- 55 डेसिबल
- 45 डेसिबल

**साइलेंट जोन (स्कूल, अस्पताल)**

- 50 डेसिबल
- 40 डेसिबल

**रात 10 बजे के बाद डीजे, लाउडस्पीकर पूर्णत: प्रतिबंधित हैं, चाहे कोई भी कार्यक्रम हो।**

## यह है जनता की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई, तो यह छात्रों के भविष्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ साबित होगा।जनता ने मांग की है कि रात में गश्त बढ़ाई जाए बिना अनुमति डीजे पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तय समय पर बजाए जाएं। परीक्षा अवधि में विशेष निगरानी रखी जाए ,देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब और कैसी कार्रवाई करता है।

## पाटन में भी मैरिज गार्डन से सड़कों तक डीजे का शोर

नवभारत, पाटन। मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा 12वीं एवं 10वीं के फाइनल एग्जाम प्रारंभ होने में महज दो दिन का समय बचा है, इस बीच प्रतिबंध के बाद भी नगर के मैरिज गार्डन से लेकर सड़कों पर तेज साउंड सिस्टम का शोर बच्चों की परीक्षा में खलल बन रहा है। प्रशासन द्वारा रात्रि 10 बजे के बाद डीजे एवं साउंड सिस्टम बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, उसके बाद भी मैरिज गार्डनो की मनमानी के चलते देर रात तक इनका शोर सुनाई दे रहा है, जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। छात्रों का कहना है कि पढ़ाई के साथ-साथ नींद भी डिस्टर्ब हो रही है आने वाले कुछ दिनों में बोर्ड परीक्षा के एग्जाम प्रारंभ होने वाले हैं। ऐसे में बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक रसूख के चलते इन पर नकेल नहीं कसी जा रही है। प्रशासन मौन बैठा,है पुलिस की रात्रि कालीन गस्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। मुख्य मार्गों पर देर रात तक बज रहे डीजे और साउंड सिस्टम के संचालक मनमानी पर उतारू है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह शोर जारी है। पाटन जबलपुर रोड पर बने इन मैरिज गार्डनो में पार्किंग को लेकर भी सवालिया निशान खड़ा होता है। जहां शादी समारोह में आने वाले वाहनों की लंबी कतारें मुख्य मार्ग पर लगी रहती है, जिससे ट्रैफिक जाम और हॉर्न के कानफोडू शोर से भी आस पास रहने वाले छात्र परेशान है।


**इनका कहना है**

डीजे साउंड सिस्टम को लेकर गस्त दल द्वारा निगरानी की जाती है, मैरिज गार्डनों के द्वारा भी अगर देर रात तक साउंड बजाए जाते है तो कार्रवाई की जाएगी।

**जी एस राजपूत, थाना प्रभारी पाटन**

## शादी विवाह पर नजर रखे पुलिस प्रशासन

स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में शादी, विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों डीजे की आवाज दूर-दूर तक जाती है, परीक्षाओं के चलते विद्यार्थियों को परेशानी होने के बावजूद स्थानीय तौर पर बज रहे साउंड को समय पर बंद या आवाज कम कराने पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी। न कोई चालानी कार्रवाई दिखाई पड़ी ।जबकि नियमावली सभी के लिए समान है।



# भागवत कथा में जन्मोत्सव दौरान जमकर नाचे श्रोता

**नवभारत, बेलखाडू (जबलपुर)।** श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा के कारागार में वासुदेव-देवकी के घर भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। यह कथा अंधकार पर प्रकाश, अत्याचार पर करुणा और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक है, जो भक्तों में प्रेम व आस्था जागृत करती है। यह पावन कथा केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण का पर्व है। यह हमें सिखाती है कि जब-जब पृथ्वी पर पाप बढ़ता है, ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतरित होकर भक्तों के संकट हरते हैं। उकताशय के उदगार बेलखाडू में जारी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के चौथे दिन व्यास पीठ से पं संदीप त्रिपाठी चित्रकूट धाम ने श्रोताओं के समक्ष कही। उन्होंने वामन कथा, राम जन्म, कृष्ण प्राकट्योत्सव पर विस्तार से कथा सुनाई।

बुजुर्ग प्रभात सिंह सिर पर श्रीकृष्ण की मूर्ति को लिये सजे पंडाल स्थल पर जैसे ही प्रवेश किए, कथा पश्चात संगीत के साथ जन्म के बधाई गीतों पर महिलाएं पुरुष श्रोतागण झूम झूम कर नाचे। कार्यक्रम दौरान प्रमुख रूप से शास्त्री पं कुंजबिहारी दुबे, शिव कुमार तिवारी, अमित दुबे, प्रभात सिंह, प्रशांत ठाकुर, महेश तिवारी, अनारी लाल साहू, राजू तिवारी खैरी, रमेश चौकसे, गजराज सिंह, रामदास शर्मा, राजेश सिंह, त्रिलोक सिंह, निरंजन ठाकुर, आयुष ध्रुव, आकाश सहित बड़ी संख्या श्रोतागण उपस्थित रहे।